हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार, 1 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 23.0 डिग्री
न्यूनतम 4.0 डिग्री

11 इंडस स्कूल में नॉस्टेल्जिया रंगारंग कार्यक्रम ....



11 सफलता की नींव त्याग-सहयोग व संगठन पर....



## विश्व एड्स दिवस आजः जनवरी से अबतक 13340 टेस्ट में 210 पॉजिटिव मिले

### एआरटी सेंटर पर 3955 एचआईवी संक्रमितों का डाटा उपलब्ध, सिर्फ जागरूकता ही एड्स से बचाव

कुलदीप संधू ▸▸ जींद

एचआईवी एड्स एक घातक बीमारी है, जिसकी जानकारी ही केवल बचाव है। इस बीमारी की घातकता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आजतक भी इस बीमारी का उपचार संभव नही हो पाया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा एड्स बीमारी को लेकर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। अगर गत वर्ष की बात की जाए तो इस वर्ष भी एड्स के मरीज बढ़े हैं। वर्ष 2025 में जनवरी से लेकर अबतक कुल 13340 टैस्ट किए गए हैं। जिमसें विभाग को 210 मरीज पॉजिटिव मिले हैं। वहीं शहर के एआरटी सेंटर पर 3955 एचआईवी संक्रमितों का डाटा है। अगर प्रतिवर्ष की बात की जाए तो जिले में 200 लोग हर वर्ष एचआईवी से संक्रमित हो रहे हैं। हालांकि एचआईवी की जांच के लिए मरीज को भटकने की भी जरूरत नहीं है। नागरिक अस्पताल में ही टेस्टिंग होती है और एक से दो घंटे में रिपोर्ट आ जाती है। इसके अलावा अस्पताल में हर आप्रेशन से पहले एचआईवी टैस्ट किया जाता है। अगर मरीज पॉजिटिव मिलता है तो उसे निशुल्क उपचार दिया जाता है। बाकायदा एड्स रोगों को पेंशन तक को सुविधा उपलब्ध है। नागरिक अस्पताल के एड्स काउंसलर रवि वर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय स्पेशल एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। बाकायदा जांच में कुछ ऐसी जगह भी मिलती हैं जहां से एड्स के मामले सामने आते हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन स्थानों का स्पेशल सर्वे करवाया जाता है। विभागीय टीमें लगातार हर जगह पर लोगों को जागरूक करने का काम करती हैं। इसके अलावा बस अड्डा, बाहरी कालोनियों, ईंट भट्टों पर लगातार टीमें विजिट करती हैं। एड्स नोडल अधिकारी डा. पालेराम कटारिया ने बताया कि लोगों में एड्स बीमारी को लेकर काफी भ्रम भी हैं। यह बीमारी साथ-साथ खाने से, हाथ मिलाने और गले मिलने से, खांसने, छींकने या हवा से, मच्छरों या कीड़े-मकोड़े के काटने से, खाने के बर्तन, कपड़े, शौचालय के सामूहिक उपयोग से नही होती है। एचआईवी एड्स केवल एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के साथ असुरक्षित यौन संपर्क से, संक्रमित सीरिंज व सुइयों के प्रयोग से, संक्रमित रक्त या रक्त उत्पाद चढ़ाने से हो सकता है। यह बीमारी मनुष्य के शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को खत्म कर देती है। जिससे किसी प्रकार की बीमारी होने पर वह ठीक नहीं होती है। इसलिए युवाओं को संयमित जीवन व्यतीत करना चाहिए। कभी भी संक्रमित सुई का प्रयोग न होने दें और हमेशा ही ओथराइज्ड और सरकारी ब्लड बैंक से रक्त लें। सभी गर्भवती महिलाओं का एचआईवी टैस्ट अवश्य करवाएं।



जींद। एड्स से बचाव को लेकर जागरूकता रैली निकालते स्वास्थ्यकर्मी।

#### आईसीटीसी सेंटर बनाए

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि जींद, नरवाना, उचाना, जुलाना और सफीदों के नागरिक अस्पतालों में आईसीटीसी सेंटर बनाए गए हैं। जहां कोई भी व्यक्ति मुफ्त एचआईवी एड्स की जांच करवा सकता है। इसके अलावा टोल फ्री नंबर 1097 पर कॉल कर एचआईवी संबंधित जानकारी हासिल की जा सकती है। एड्स रोगी की पहचान को बिल्कुल गुप्त रखा जाता है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार एड्स के खिलाफ अभियान चलाए हुए हैं।

#### अभियान के बावजूद आ रहे केस

एड्स को लेकर स्वास्थ्य विभाग लगातार जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इस समय विभाग के पास कुल 3955 एड्स मरीज रजिस्ट्रड हैं। जो दवा ले रहे हैं। इनमें से 2262 पुरूष, 1543 महिलाएं शामिल हैं। जबकि 79 बच्चे व 60 बच्चियां शामिल हैं। जबकि 11 अन्य मरीज हैं। प्रतिवर्ष विभाग द्वारा 15 हजार से ज्यादा लोगों की टैस्टिंग की जाती है। इस वर्ष भी विभाग को नए 210 एड्स संक्रमित मिले हैं।

## नेशनल मींस मेरिट कम स्कॉलरशिप परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

# 3105 विद्यार्थियों में से 2714 ने परीक्षा दी व 391 अनुपस्थित रहे

### नकल रहित परीक्षा के लिए शिक्षा विभाग की टीम करती रही केंद्रों का दौरा

परीक्षा के लिए जींद में बनाए गए थे दस परीक्षा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

नेशनल मींस मेरिट कम स्कालरशिप (राष्ट्रीय साधन सह पात्रता छात्रवृत्ति परीक्षा) रविवार को आयोजित की गई। परीक्षा के लिए, शहर में दस परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। कुल 3105 विद्यार्थियों में से 2714 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और 391 विद्यार्थी गैर हाजिर रहे। शहर के अलग-अलग परीक्षा केंद्रों पर 11 बजे परीक्षा शुरू हुई। परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले विद्यार्थियों के एडमिट कार्ड व अन्य दस्तावेजों की जांच की गई। परीक्षा को नकल रहित बनाने के लिए शिक्षा विभाग की टीम समय-समय पर परीक्षा केंद्रों पर दौरा करती रही। परीक्षा नकल रहित रही। जनवरी के अंत में परिणाम आने की संभावना है।





जींद। परीक्षा देते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

#### जिले के कोटे के अनुसार छात्रवृत्ति दी जाएगी

परीक्षा उत्तीर्ण करने पर विद्यार्थी को 9वीं से 12वीं कक्षा तक एक हजार रुपये प्रति माह छात्रवृत्ति के रूप में दिए जाएंगे। नेशनल मींस मेरिट कम स्कालरशिप प्रतियोगिता शिक्षा मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही है। जिसका उद्देश्य सरकारी, अनुदान प्राप्त विद्यालयों में पढने वाले प्रतिभाशाली जरूरतमंद बच्चों का चयन कर उनका शैक्षिक विकास करना है। हरियाणा राज्य में इस योजना के अंतर्गत 2337 पात्र विद्यार्थियों का चयन करने के लिए प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया जाता है। परीक्षा में जिला स्तर पर चयनित विद्यार्थियों को जिले के कोटे के अनुसार छात्रवृत्ति दी जाएगी। परीक्षा में बीसीए वर्ग को 16 प्रतिशत, बीसी बी वर्ग को 11 प्रतिशत, एससी वर्ग को 20 प्रतिशत व दिव्यांग वर्ग को तीन प्रतिशत आरक्षण दिया गया है।

#### सभी प्रश्न अनिवार्य

शहर के अलग-अगल परीक्षा केंद्रों पर 11 बजे परीक्षा शुरू हुई। परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले विद्यार्थियों के एडमिट कार्ड व अन्य दस्तावेजों की जांच की गई। नेशनल मींस मेरिट कम स्कालरशिप परीक्षा के लिए आयोजित लिखित परीक्षा के दो भाग थे। पहले भाग में मानसिक योग्यता परीक्षण आधारित प्रश्न पूछे गए थे। इस भाग में विद्यार्थियों की मानसिक योग्यता तर्क, विश्लेषण व संश्लेषण को जांचने के लिए बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाते हैं। कुल 90 प्रश्न होते हैं, जो कि प्रत्येक एक-एक अंक का होगा। सभी प्रश्न अनिवार्य होते हैं। दूसरा भाग बौद्धिक योग्यता परीक्षण पर होगा। इस भाग में भी 90 प्रश्न पूछे जाते हैं। जिसमें विज्ञान के 35 प्रश्न, गणित के 20 प्रश्न और सामाजिक विज्ञान के 35 प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होता है। सभी प्रश्न अनिवार्य होते हैं।



कैथल। पावर प्लांट में रखी पराली में लगी आग। फोटो :हरिभूमि

## कैथलः बिजली प्लांट में रखे पराली के ढेर में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

रविवार दोपहर के समय कैथल के गांव पोलड़ और कांगथली के बीच बिजली प्लांट में रखे गए पराली के ढेरों में अचानक आग लग गई, जिसमें लाखों की पराली जलकर राख हो गई। दोपहर के समय प्लांट के कर्मचारी अपना अपना काम कर रहे थे। कर्मचारियों ने जैसे ही आग को भड़कते देखा, तो अपने स्तर पर इसे बुझाने का प्रयास किया, लेकिन जब काबू नहीं आ सकी, तो तुरंत फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। देर तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका। दमकल केंद्र इंचार्ज नरेश कुमार ने बताया कि उनके पास कॉल आई थी कि पोलड़ व कांगथली गांव के बीच पराली के ढेरों में आग लग गई। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की गाड़ियां मौके पर भेज दी गई। आग को बुझाने का कार्य शुरू किया गया। कहा कि अगर जरूरत पड़ेगी तो और गाड़ियां भी भेजी जाएंगी। चीका व अन्य स्थानों से भी फ्री फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को मौके पर भिजवाया गया। उन्होंने बताया कि प्रथम दृश्य लाखों के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

#### नुकसान का आकलन होगा

सीवन थाना के एडिशनल एसएचओ संदीप कुमार ने बताया कि उनकी टीम सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच गई थी। आगजनी के घटना में नुकसान का आकलन किया जाएगा और जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## पाई से पूंडरी जाने वाली सड़क की हालत खस्ता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पाई

पाई से पूंडरी जाने वाली सड़क हादसों की सड़क बन चुकी है। लोगों द्वारा ध्यान दिलवाने के बाद भी इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। ग्रामीणों ने इस सड़क को नये सिरे से बनाने कि मांग कि है। ग्रामीण संजय, महावीर, दिलबाग, बलवान, नरेंद्र आदि ने बताया कि पाई से पूंडरी जाने वाला मार्ग जर्जर हो चुका है। सड़क पर बजरी निकल कर फैली हुई है और सड़क पर गहरे खड्डे भी बने हुए हैं। वाहन चालक आते जाते समय चोटिल हो रहे हैं। कई बार बड़े हादसे भी हो चुके हैं। बार बार इस ओर ध्यान दिलवाने के बाद भी जिला प्रशासन कुम्भकरणी नींद में सोया पड़ा है।



जींद। बैठक में रोष जताते मिड–डे मील वर्कर्स। फोटो :हरिभूमि

#### वेतन बढोत्तरी करने की मांग उठाई

जींद। जुलाना ब्लॉक की मिड डे मील वर्करों की बैठक ब्लॉक प्रधान प्रेम नंदगढ़ की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन ब्लॉक सचिव कमलेश पौली ने किया और इस बैठक में सीटू के जिला कोषाध्यक्ष पवन कुमार, जिला उपाध्यक्ष सुरेश करसोला ने भी हिस्सा लिया। मिड डे मील वर्करों को संबोधित करते हुए सुरेश करसोला ने बताया कि पूरे देश की मिड डे मील वर्कर्स आगामी केंद्रीय बजट 2026 में अपने वेतन बढोत्तरी करवाने को लेकर महापड़ाव डालेगी। इसी कड़ी में हरियाणा में चार स्थानों पर तीन-तीन दिवसीय महापड़ाव आयोजित किए जा रहे हैं। करनाल में केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल के आवास के सामने हजारों की संख्या में मिड-डे मील वर्कर्स एकत्रित होकर सात दिसंबर को महापड़ाव डालेंगी। जिसमें जुलाना की मिड डे मील वर्कर्स बढ़.चढ़ कर महापड़ाव में शामिल होगी। मिड डे. मील वर्कर्स लंबे समय से अपने हक की लड़ाई लड़ रही हैं। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लागू किए गए चार लेबर कोड्स ने मजदूरों, कर्मचारियों के सारे अधिकार छीन लिए हैं। दूसरी ओर हरियाणा में सैंकड़ों स्कूल मर्ज करने से हजारों वर्कर्स बेरोजगार हो चुकी हैं।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

कैथल। परिवार में बेटा होने के बाद सीवन में रिश्तेदारी में शगुन देने जा रहे बाइक सवार 40 वर्षीय युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। युवक 5 बच्चों का पिता है। उसके पास 3 बेटियां 2 बेटे हैं। सीवन थाना एडिशनल एसएचओ संदीप ने बताया कि मृतक की पहचान गांव नौच निवासी 40 वर्षीय सोनू है। बताया कि राहगीरों ने इसकी सूचना मिली थी। इसके बाद मौके पर परिजनों को बुलाया और उसे इलाज के लिए सिविल अस्पताल में ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृतक घोषित कर दिया। एसएचओ संदीप ने बताया कि सोनू के शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया। जांच में पता चला कि उनके परिवार में बेटा होने पर वह शगुन देने के लिए अपने रिश्तेदारी में जा रहा था। पुलिस ने अज्ञात ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



विधायक सतपाल जांबा कार्यकर्ताओं के साथ पीएम का मन की बात कार्यक्रम श्रवण करते।

#### विधायक ने कार्यकर्ताओं संग सुनी पीएम की मन की बात

पूंडरी। पूंडरी विधानसभा क्षेत्र के गांव बरसाना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 128वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। गांव के विभिन्न वर्गों महिलाओं, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। विधायक सतपाल जाम्बा ने कहा कि मन की बात सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि परिवर्तन, जागरूकता और जनसहभागिता का एक शक्तिशाली माध्यम है। यह हम सभी को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को समझने और निभाने के लिए प्रेरित करता है। विधायक ने आगे कहा कि गांव बरसाना के साथियों का यह सामूहिक सहभागिता भाव वास्तव में प्रेरक है। समाज तभी आगे बढ़ता है, जब हर वर्ग एक साथ खड़ा हो। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक राजेश बरसाना, सरोज देवी, निधि मोहन, नरेन्द्र बाकल सरपंच, विजय कुमार विजय कुमार सरपंच, ओम प्रकाश, बलकर करोड़ा, हरदेव सिंह, मनोज ठाकुर, राजेन्द्र कुमार, नायब सिंह, करण समरा, पूनम तुरण, पवन बरसाना, बलबीर सैनी मौजूद रहे।

## गति अवरोधक बनाने की मांग उठाई

राजौंद। गांव फरियाबाद राजौंद पूंडरी मार्ग पर गति अवरोधक बनाने की मांग लोगों द्वारा लंबे समय से की जा रही है। जिसे संबंधित विभाग पूरा नहीं कर रहा जिसे लेकर गांव के लोगों में रोष है। गांव फरियाबाद निवासी दिलबाग ढुल ऋषिपाल रमेश कुमार अशोक कृष्ण ने कहा कि यहां काफी हादसे होते हैं। गांव फरियाबाद टी प्वाइंट पर राजौंद पूंडरी मार्ग के दोनों तरफ कोई भी गति अवरोधक नहीं है। यहां आवाजावी हमेशा ज्यादा रहती है। जिससे लोग कई बार घटना का शिकार हो जाते है। उन्होंने कहा कि गांव को जाने वाली सड़क के दोनों तरफ गति अवरोधक बनाए जाएं तो दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है। इन लोगों ने बताया कि इस बारे संबंधित विभाग को भी कई बार कहा गया। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही जिसे लेकर लोगों में आए दिन रोष बढ़ रहा है।

### राज्यसभा सांसद ने गुरु ग्रंथ साहिब स्वरूप को माथा टेक कर किया नमन

# बराला को सरोपा भेंटकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नरवाना

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान मानवता, धर्म, स्वतंत्रता और सत्य की रक्षा के लिए दिया गया सर्वोच्च उदाहरण है जिसकी तुलना दुनिया में कहीं नहीं मिलती। कहा कि गुरु साहिब ने उस दौर में निहत्थे और कमजोरों की रक्षा के लिए अपना जीवन न्योछावर कर दिया । उल्लेखनीय है कि राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने आज रविवार को गुरुद्वारा धमतान साहिब में आयोजित समागम में शिरकत की और गुरु ग्रंथ साहिब स्वरूप माथा टेक कर नमन किया। हरियाणा सिख कमेटी द्वारा गुरु तेग बहादुर जी के 350 वीं बलिदानी शताब्दी वर्ष को समर्पित तीन दिवसीय भव्य समागम का आयोजन गुरुद्वारा धमतान साहिब में किया जा रहा है। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के द्वारा राज्यसभा सांसद सुभाष बराला को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया। राज्यसभा सांसद ने कहा कि समागम में भाई मतीदास भाई सतीदास और भाई दयाला जी की बलिदानी को आज पूरी दुनिया श्रद्धा से याद करती है। इसके साथ ही यह कार्यक्रम गुरु गोविंद सिंह साहिब जी के गुराई दिवस को भी समर्पित है जो सिख इतिहास और परंपराओं में एक गौरवपूर्ण अध्याय है। कहा कि गुरु तेग बहादुर ने हिंद की चादर बनकर पूरे समाज की ढाल का कार्य किया।



नरवाना। कार्यक्रम में मौजूद सांसद सुभाष बराला। फोटो :हरिभूमि

#### गुरु साहिब का योगदान अतुलनीय

भारत की सांस्कृतिक विरासत को बचाने और मानवता को सही दिशा देने में गुरु साहिब का योगदान अतुलनीय है। अपनी शहादत दिल्ली के चांदनी चौक में देकर धर्म और समाज को मुगलों के अत्याचारों से बचाया। उनका बलिदान केवल सिख धर्म के लिए ही नहींए बल्कि संपूर्ण हिंदू समाज और भारतीय परंपरा के संरक्षण के लिए दिया गया था। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने कहा कि 350वीं शताब्दी के इस समागम का उद्देश्य केवल समारोह मनाना नहींए बल्कि गुरु साहिब की शिक्षाओं को जन.जन तक पहुंचाना है ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके बलिदान त्यागए समर्पण और मानवता की सेवा के सिद्धांतों को समझ सकें।



जींद। विजेता बना कॉलेजियम। फोटो :हरिभूमि

#### कॉलेजियम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

जींद। हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष पद को लेकर रविवार को सात कॉलेजियम को लेकर चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। दो कॉलेजियम में सर्वसम्मति बन गई थी। जबकि सात कॉलेजियम को चुनाव करवाया गया। चुनाव संपन्न करवाने के लिए एआरओ डा. संदीप लोहान को मनोनित किया गया था। पिछले 30 सालों में ऐसा पहली बार हुआ कि कॉलेजियम चुनाव जींद में करवाया गया। मतदान के लिए नागरिक अस्पताल के ट्रेनिंग सेंटर को चुना गया। जहां मतदान प्रक्रिया को लेकर पूरी व्यवस्थाएं की गई। चुनाव को लेकर कुल 126 चिकित्सकों में से 99 चिकित्सकों ने मतदान किया। चुनाव जीतने के लिए सभी चिकित्सकों जमकर लॉबिंग भी की। रविवार को चुनाव ठीक नौ बजे शुरू हुआ। जैसे ही चार बजे चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई तो मतों की गिनती का कार्य शुरू किया गया और एक-एक कर कॉलेजियम के विजेता की घोषणा की गई है। यह बने विजेता चुनाव में कॉलेजियम 49 से डा. अनिल कौशिक, कॉलेजियम 50 से डा. अंशुल सोलंकी, कॉलेजियम 51 से डा. हेमंत, कॉलेजियम 52 से डा. मनदीप, कॉलेजियम 53 से डा. मुनीष, कॉलेजियम 54 से डा. रघुवीर सिंह पूनिया, कॉलेजियम 55 से डा. संदीप ढांडा, कॉलेजियम 56 से डा. सन्नी तथा कॉलेजियम 57 से डा. बिजेंद्र ढांडा ने जीत हासिल की। डा. बिजेंद्र ढांडा इस समय हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन के जिला प्रधान भी हैं। अब यह कॉलेजियम प्रदेशस्तर पर एसोसिएशन के चुनाव प्रतिनिधि चुनेंगे।

### खबर संक्षेप

#### पिस्तौल-चार कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

जींद। पुलिस ने गांव हाट के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। सदर थाना सफीदों पुलिस ने पकड़े गए युवक के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ गांव हाट में गश्त कर रहा था। उसी दौरान सूचना मिली कि रामनगर मोड़ पर एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है।

#### कानों से बालियां लुटने का आरोपित गिरफ्तार

कैथल। थाना चीका क्षेत्र में महिला से कानों की बालियां लूटने के एक मामले की जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई जसमेर सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी दाबनखेड़ी निवासी गुरविन्द्र उर्फ गोरा को काबू कर लिया। मामले में पहले जांच दौरान एंटी व्हीकल स्टॉफ ने आरोपी कुरुक्षेत्र निवासी जसबीर सिंह उर्फ जस्सी को 27 नवंबर को गिरफ्तार कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था।

#### ताला तोड़कर सवा दो लाख की नकदी व जेवरात चोरी

जींद। विकास नगर में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सवा दो लाख रुपये की नगदी, सोना, चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विकास नगर निवासी कर्मबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कार्यवश परिवार समेत बाहर गया हुआ था।

#### सिपाही रोहतास कुमार के स्मारक का अनावरण कल

राजौंद। गांव सौगल में पूर्व सैनिक वेलफेयर एसो का प्रतिनिधि मंडल ने सिपाही रोहतास के स्मारक की तैयारियां को अंतिम रूप दिया। प्रधान जगजीत फौजी ने बताया कि 2 दिसंबर को सौंगल में सिपाही रोहतास के स्मारक का अनावरण किया जाएगा। मौके पर सिपाही रोहतास की स्थाई रेजीमेंट 9 हॉर्स आर्म्ड कोर से जवान रोहतास को श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचेंगे और साथ में जिला कैथल एवं आसपास के गांव से पूर्व सैनिक वहां पर उपस्थित रहेंगे।

#### जुलाना में ट्रांसफार्मर से लाखों का सामान चोरी

जुलाना। किलाजफरगढ़ गांव के पास गुगाहेड़ी रोड स्थित आरकेजीएस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के ट्रांसफार्मर से चोरों द्वारा कीमती सामान चोरी कर लिया गया। कंपनी प्रबंधन ने इस संबंध में थाना जुलाना में शिकायत दी है। कंपनी प्रतिनिधि एसडी डायरेक्टर गौरव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि किलाजपुरगढ़ के पास 27 नवंबर को ट्रांसफार्मर का इंस्टालेशन का काम पूरा हुआ था लेकिन 28 नवंबर को अज्ञात चोरों ने इसे निशाना बनाते हुए।

#### कमल राणा ने गुजरात में लिया यूनिटी मार्च में भाग

राजौंद। भाजपा युवा नेता कमल राणा ने गुजरात में आयोजित यूनिटी मार्च 150 में भाग लिया। इस विशेष यात्रा का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता समाजिक समरसता और युवा शक्ति को देश निर्माण में सक्रिय भूमिका के लिए प्रेरित करना रहा। भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कमल राणा ने बताया कि इस यात्रा में कैथल जिला से दो ही नेता शामिल हुए जिसमें कमल राणा व पूंडरी से मनोनित पार्षद अमित सैनी ने भाग लिया।

#### स्टोर का ताला तोड़कर नकदी व सामान चोरी

जींद। दयालबाग कालोनी में दुकान का शटर तोड़ कर नगदी व अन्य सामान चोरी करने पर शहर थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। दयालबाग कालोनी निवासी गुलशन ने शिकायत में बताया कि उसका प्लास्टिक स्टोर है। बीती रात चोरों ने दुकान का शटर उखाड़ कर 15 हजार की नगदी तथा अन्य सामान को चोरी कर लिया।



# विजय-फातिमा की गुस्ताख इश्क का नहीं चला जादू...

**मुंबई।** विजय वर्मा और फातिमा सना शेख की मोहब्बत पर पानी फिरता दिख रहा है। ये बात हम इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि फिल्म 'गुस्ताख इश्क' शनिवार को भी बॉक्स ऑफिस पर बेदम साबित हुई। फिल्म जब रिलीज हुई, तो क्रिटिक्स ने इसकी कहानी और एक्टिंग की तारीफ की। हालांकि, इसका कमाई पर कोई असर नहीं दिख रहा है। फिल्म 'गुस्ताख इश्क' ने रिलीज के पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 50 लाख रुपए कमाए थे। 'गुस्ताख इश्क' के कुल कलेक्शन की बात करें, तो इसने दो दिनों में अभी तक बॉक्स ऑफिस पर कुल 74 लाख रुपए कमाए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का बजट 50 करोड़ रुपए बताया जा रहा है।



## लाइफ Style

# कीर्ति

## एक एक्टर को महज 6 घंटे की ही मिलती है नींद

साउथ सिनेमा की सुपरस्टार एक्ट्रेस और नेशनल अवॉर्ड जीत चुकीं कीर्ति सुरेश ने अब एक्टर्स के काम के घंटों पर नई बहस छेड़ दी है। 'दसारा' और 'बेबी जॉन' की एक्ट्रेस ने दीपिका पादुकोण के 8 घंटे काम की मांग के महीनों बाद कहा है कि 8 घंटे काम करने के दौरान भी, एक एक्टर को सोने के लिए जरूरी समय नहीं मिल पाता है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हैदराबाद में अपनी अगली फिल्म 'रिवॉल्वर रीटा' के प्रमोशन के दौरान उन्होंने कहा कि कम घंटे काम करने के आइडियल सिनेरियो में भी एक एक्टर को महज 6 घंटे की ही नींद मिलती है। दिग्गज फिल्ममेकर-एक्टर जी. सुरेश कुमार की बेटी कीर्ति ने कहा, 'सुबह 9 बजे की शिफ्ट के लिए, अगर मुझे सुबह 7:30 बजे तक वहां पहुंचना है, तो मुझे सुबह 6:30 बजे घर से निकलना होगा और सुबह 5:30 बजे तक उठना होगा। शाम को लगभग 6 या 6:30 बजे पैक-अप के बाद, घर वापस जाना पड़ता है, कपड़े बदलने पड़ते हैं, एक्सरसाइज करनी पड़ती है, डिनर करना पड़ता है, और सोने के लिए जरूरी घंटे निकालने के लिए स्ट्रगल करना पड़ता है। केरल में पैदा हुईं 33 साल की कीर्ति सुरेश ने आगे कहा, 'अब, मुझे रात 11:30 बजे सोने के बाद सुबह 5:30 बजे फिर उठना पड़ता है।' कीर्ति ने बताया कि कैसे आठ घंटे की वर्क शिफ्ट, जिसे एक आइडियल सिनेरियो माना जाता है, उसमें भी सोने का समय मुश्किल से ही शामिल होता है, जबकि एक एडल्ट बॉडी के लिए आइडियल जरूरत आठ घंटे की नींद है। उन्होंने कहा, 'हम कहते हैं कि आठ घंटे की नींद अच्छी है, लेकिन हम मुश्किल से छह घंटे सो पाते हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# नाटकों ने दिलाई टॉम को पहचान

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटेन के सबसे प्रसिद्ध स्क्रीन राइटर में से एक टॉम स्टॉपर्ड का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके जाने से हॉलीवुड इंडस्ट्री में शोक की लहर छा गई है। साल 1937 में चेकोस्लोवाकिया में जन्में टॉम स्टॉपर्ड का बचपन मुश्किलों में गुजरा। नाजी हमले के बाद उनका परिवार सिंगापुर चला गया। उन्होंने कई नाटक ऐसे, लिखे जिसने उन्हें काफी पहचान दिलाई। टॉम स्टॉपर्ड ने अपने कॅरियर में कई शानदार नाटक लिखे थे।



# सधी हुई कहानी और परफेक्ट कॉमेडी से फिल्म बनी रोमांचक

**मुंबई।** हॉलीवुड की फिल्म हो और वो भी एनिमेटेड.. फिर तो ऐसा हो ही नहीं सकता कि आप इसे देखकर निराश हों। 'जूटोपिया 2' भी कुछ ऐसी ही फिल्म है। पहले सीन से लेकर आखिरी सीन तक कहानी आपको बांधे रखती है और इसके वन लाइनर्स हंसा-हंसाकर आपका पेट दर्द कर देते हैं। वहीं मेकर्स ने लीड किरदार में श्रद्धा कपूर की आवाज जोड़कर इसमें चार चांद लगा दिए। फिल्म की कहानी पहले पार्ट से आगे बढ़ती है। जूडी हॉप्स और निक वाइल्ड जूटोपिया पुलिस डिपार्टमेंट में पार्टनर हैं पर दोनों के बीच बॉन्डिंग अच्छी नहीं है। एक केस में दोनों से गलती होने के बाद चीफ बोगो उन्हें अलग हो जाने या फिर थैरेपी सेशन अटैंड करने की सलाह देते हैं। जूडी को लगता है कि जूटोपिया में कोई सांप घुस आया है पर उसकी बात पर कोई यकीन नहीं करता। वो निक को मनाकर तहकीकात में लग जाती है।



# पैपराजी से कोई नाता नहीं: जया बच्चन

**मुंबई।** वेटरेन एक्ट्रेस जया बच्चन अक्सर पैपराजी पर भड़कती रहती हैं। अब एक बार फिर अभिनेत्री ने पैपराजी की भूमिका और पेशेवर रवैये पर शंकाएं जताई हैं। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रशिक्षित पत्रकारों के प्रति अपने सम्मान और मशहूर हस्तियों के समारोहों में पैपराजी को लेकर खुद के असहज होने के बारे में भी बात की। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल है। वायरल वीडियो में एक इवेंट के दौरान जया बच्चन ने पैपराजी को लेकर बात की। इवेंट के दौरान जया बच्चन ने कहा कि मैं मीडिया की उपज हूं, लेकिन पैपराजी से मेरा कोई नाता नहीं है। ये लोग कौन हैं? क्या इन्हें इस देश के लोगों का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है? आप इन्हें मीडिया कहते हैं? मैं मीडिया से आती हूं। मेरे पिता एक पत्रकार थे।



# 'कांतारा' में दिखाई गई देवी को कहा भूत

**मुंबई।** 'धुरंधर' एक्टर रणवीर सिंह बड़ी मुश्किल में फंस गए हैं। उन पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगा है और यूजर्स भी भड़के हुए हैं। दरअसल, रणवीर ने ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा: चैप्टर वन' का मजाक उड़ाया। साथ ही फिल्म में दिखाई गई देवी को भूत कह दिया। इससे लोग बुरी तरह भड़क गए हैं और उनका कहना है कि अब तो 'धुरंधर' बिल्कुल फ्लॉप समझो। मामला हाल ही गोवा में हुए इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया का है, जिसमें रणवीर सिंह शामिल हुए थे। ऋषभ शेट्टी भी इस फेस्टिवल का हिस्सा थे। इसका एक वीडियो भी आया है, जिसमें रणवीर सिंह स्टेज पर हैं, और सामने बैठे ऋषभ शेट्टी से कह रहे हैं, 'मैंने थिएटर में 'कांतारा: चैप्टर वन' देखी, और ऋषभ यह एक बेहतरीन परफॉर्मेंस थी।

## टीवी मसाला



# वीकएंड का वार में धर्मेंद्र को याद कर भावुक हुए सलमान

**नई दिल्ली।** दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का बीते दिनों निधन हो गया था। इस खबर ने सभी को झकझोर कर रख दिया था। बिग बॉस 19 के हालिया वीकएंड का वार एपिसोड में सलमान खान ने दिवंगत अभिनेता को याद किया और वो भावुक हो गए। इसके साथ ही उन्होंने इस घटना को देश के लिए सबसे बड़ा नुकसान बताया। बिग बॉस 19 शो के होस्ट सलमान खान ने धर्मेंद्र को याद किया। उन्होंने कहा- 'देश और उनके सभी प्रशंसकों को बहुत ही बड़ा झटका लगा है। इस घटना से इंडस्ट्री को बड़ा सदमा पहुंचा है। मुझे लगता है कि आप लोग समझ रहे हैं कि मैं किनकी बात कर रहा हूं। अभिनेता ने आगे कहा, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। काश इस हफ्ते वीकएंड का वार मैं नहीं कर रहा होता, लेकिन जिंदगी हमेशा चलती रहती है।' शनिवार को प्रसारित हुए बिग बॉस 19 के वीकएंड का वार में कंटेस्टेंट अशनूर कौर को शो से बाहर का रास्ता दिखाया गया। उन्हें सलमान खान ने तान्या मित्तल पर वार करने के लिए खूब डांट लगाई। अशनूर के एविक्शन पर कुछ नेटिजंस इसे गलत फैसला बता रहे हैं, तो कुछ इसे सही कह रहे हैं। बिग बॉस 19 से अशनूर कौर बेघर हो चुकी हैं। इसके अलावा रिपोर्ट्स के अनुसार शहबाज बदेशा का भी एविक्शन हो चुका है। इस हिसाब से शो में अब छह प्रतियोगी बचे हैं, जिसमें गौरव खन्ना फाइनल में पहुंच चुके हैं, क्योंकि उन्होंने टिकट टू फिनाले टास्क जीतकर खिताब के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी है। अब फरहाना भट्ट, अमाल मलिक, तान्या मित्तल, प्रणीत मोरे और मालती चाहर के बीच फिनाले में पहुंचने की टक्कर है।

## जन्नत के पीछे पड़े अभिषेक और समर्थ

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट सीजन 3' में इस हफ्ते अराजकता चरम पर पहुंच गई जब किचन में अभिषेक कुमार, समर्थ जुरेल और जन्नत जुबैर के साथ एक बिल्कुल नया ट्राइएंगल बनने लगा।



अपनी चंचल नोक-झोंक और लगातार एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में लगे अभिषेक और समर्थ नए मिशन पर पहुंच गए- जन्नत का ध्यान अट्रैक्ट करना। मजेदार चुटकुले सुनाने से लेकर उन्हें इम्प्रेस करने के लिए छोटे-छोटे प्यारे स्टंट करने तक, दोनों लड़के एक-दूसरे से आगे निकलने के लिए बेताब दिख रहे थे। आग में घी डालने का काम अली गोनी ने किया, जिन्होंने इस जोड़ी को खूब छेड़ा। उन्होंने उन्हें छोटू कहकर मशहूर कर दिया और उन्हें किचन में अपने साइडकिक्स भी कहा। उनके इस कमेंट ने न सिर्फ स्टूडियो को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया।

# प्रियंका ने निक-मालती और परिवार संग मनाया थैंक्सगिविंग डे

**मुंबई।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अक्सर सोशल मीडिया हैंडल पर अपने पति, बेटी और परिवार के साथ तस्वीरें साझा करती हैं। एक्ट्रेस ने वीकएंड पर परिवार संग बिताए कुछ खुशनुमा पलों को शेयर किया है। इन तस्वीरों को अभिनेत्री ने कैलिफोर्निया से साझा करते हुए नोट भी लिखा है। प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की, जिनमें वो कैलिफोर्निया के किसी पार्क में गुनगुनी धूप में पति निक जोनस और बेटी मालती संग एंजाय कर रही हैं। एक तस्वीर में तीनों पार्क में लेटे हुए प्यारा पोज दे रहे हैं। वहीं, कुछ तस्वीरों में निक और प्रियंका बेटी संग खेलते नजर आ रहे हैं। इसके अलावा अन्य तस्वीरों में अभिनेत्री अपनी मां मधु चोपड़ा और परिवार के अन्य सदस्यों और दोस्तों संग भी नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने परिवार के साथ डिनकर करते हुए भी एक तस्वीर साझा की है। अभिनेत्री ने परिवार के साथ थैंक्सगिविंग डे मनाया।



इस पोस्ट को साझा करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, 'थोड़े समय के लिए घर वापस आ गई हूं। कभी-कभी मैं खुद को अपने तरफ से प्रेम पाकर धन्यवाद महसूस करती हूं। इस थैंक्स गिविंग डे पर मैं स्वास्थ्य, आनंद, एकजुटता और जीवन के उन साधारण सुखों के लिए बहुत आभारी हूं, जिन्हें हम कभी-कभी हल्के में ले लेते हैं। मैं अपने परिवार, दोस्तों, टीम और उन सभी लोगों की बहुत आभारी हूं, जिन्होंने इस रोमांचक सफर को आसान बना दिया है।' आगे उन्होंने कहा, 'इतना लंबा समय घर से दूर बिताने के बाद, मैं बस खुद को याद दिला रही हूं कि जिंदगी की सबसे अच्छी चीजों में से एक है अपने प्रियजनों के बीच रहना। थैंक्सगिविंग मनाने वाले सभी लोगों को शुभकामनाएं।'

# रेड लाइट एरिया में जन्मी इस एक्ट्रेस पर बनी भारत की सबसे महंगी सीरीज...

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में पाकिस्तान की कई अदाकाराओं ने काम किया है और यह सिलसिला आज भी जारी है। पाक सिनेमा की कई कहानियां भी हिंदी सिनेमा में देखने को मिली हैं। बात करेंगे उस पाक अभिनेत्री की, जिस पर बॉलीवुड के दिग्गज डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की पहले सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार बेस्ड बताई जाती है। इस पाक हसीना ने तकरीबन 100 फिल्मों में काम किया। यह एक्ट्रेस असल में एक तवायफ थी और लाहौर के रेड लाइट एरिया पर काम करती थी। इसी की कहानी को देश की सबसे महंगी सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार में दिखाया गया था।

***कौन थी ये पाक हसीना? :*** बात हो रही है नरगिस बेगम उर्फ निग्गो की, जो अपनी मां के नक्शेकदम पर चल एक तवायफ बनी थीं। वह हीरामंडी में सजने वाली महफिल में मुजरा किया करती थीं। उन्हें देखने के लिए पैसों वालों की भीड़ लगती थी। वहीं, 40 के दशक में राजशाही खत्म होने के दौर पर थी और इस वक्त सिनेमा की अच्छी शुरुआत हो रही थी। यह वो दौर था जब महिलाएं सिनेमा में काम करने से कतराती थीं। जब फिल्ममेकर को फिल्म के लिए हीरोइन की जरूरत होती थी, तो वह कोठे का रुख किया करते थे। वहीं, हीरामंडी में महफिल सजाए बैठीं निग्गों पर एक प्रोड्यूसर की नजर पड़ी। निग्गो एक क्लासिकल डांसर भी थी। ऐसे में प्रोड्यूसर निग्गो से इंप्रेस हुआ और कुछ ही समय बाद उन्हें फिल्म का ऑफर दे दिया।



***प्रोड्यूसर से रचाई शादी :*** निग्गो भी इस हीरामंडी के जंजाल से निकलना चाहती थीं और उन्होंने इस ऑफर को स्वीकार कर लिया। फिर साल 1964 में नरगिस ने पाकिस्तानी फिल्म इशरत से एक्टिंग डेब्यू किया। इसके बाद उन्होंने शहंशाह-ए-जहांगीर (1968), नई लैला नया मजनू (1969), अंदालिब (1969), लव इन जंगल (1970), अफसाना (1970), मोहब्बत (1972) समेत 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। इस दौरान उन्हें प्रोड्यूसर ख्वाजा महजर की फिल्म कासू में देखा गया, जहां दोनों में प्यार हो गया। ख्वाजा और नरगिस ने निकाह कर लिया।

***पति ने ही कर दिया मर्डर :*** बात काफी आगे बढ़ गई और तवायफों से शादी के नए नियम बन गए। वहीं, कोठे बंद होने की कगार पर थे निग्गों अपनी मां का ख्याल रखने उनके पास चली गईं। जब वह बार-बार पति के बुलाने पर भी नहीं लौटी तो 5 जनवरी 1972 को हीरामंडी जाकर ख्वाजा ने एक बार फिर निग्गो से घर चलने की विनती की, लेकिन वह नहीं मानी। इसके बाद ख्वाजा ने जेब से बंदूक निकाली और निग्गों को छलनी कर दिया।

## पुरुषवादी सिनेमा के दौर में महिलाओं के नजरिए से बनी थी फिल्म

# अर्थ ने दिखाया था समाज को आईना, 43 साल बाद भी बनी हुई है मस्ट वॉच

***मुंबई। शबाना आजमी, स्मिता पाटिल, और कुलभूषण खरबंदा अभिनीत 'अर्थ' फिल्ममेकर महेश भट्ट की सेमी-आटोबायोग्राफिकल फिल्म थी। यह अभिनेत्री परवीन बाबी के साथ उनके विवाहेतर संबंधों पर आधारित थी। पुरुषवादी सिनेमा के दौर में महिलाओं के नजरिए से बनी थी 'अर्थ'। 43 साल पहले तीन दिसंबर, 1982 को प्रदर्शित हुई फिल्म 'अर्थ' में एक दृश्य है जब फिल्म स्टार कविता (स्मिता पाटिल), पूजा (शबाना आजमी) से कहती है कि मैं इंदर (कुलभूषण खरबंदा) को चाहती थी तुम्हारे पति को नहीं। मैं अपना घर बसाना चाहती थी, तुम्हारा घर उजाड़ना नहीं चाहती थी। जिस पर पूजा जवाब देती है कि मेरा घर था ही नहीं इसलिए तुमने कुछ नहीं उजाड़ा।***

### महेश भट्ट की क्रांतिकारी फिल्म

हिंदी फिल्मों में महिलाओं के चित्रण के संदर्भ में इसे क्रांतिकारी फिल्म माना जाता है। अर्थ को बनाने के पीछे की कहानी दिलचस्प है। अर्थ से पहले महेश भट्ट ने चार फिल्में मंजिलें और भी हैं(1974), विश्वासघात (1977), नया दौर (1978) और लहू के दो रंग (1979) बनाईं, लेकिन वह बाक्स आफिस पर अपना प्रभाव छोड़ पाने में नाकाम रहीं। तब उन्हें अपनी उथल-पुथल भरी निजी जिंदगी को परदे पर उतारने का विचार आया। यहीं से अर्थ को बनाने की शुरुआत हुई। फिल्म में कई दृश्य महेश की जिंदगी से जुड़े भी रहे। उदाहरण के तौर पर जब पूजा को पता चलता है कि इंदर उसे कविता के लिए छोड़ना चाहता है, तो वह उससे आग्रह करती है कि वह उसे न छोड़े। साथ ही, वह सीन जब सोए हुए इंदर को कविता जगाने की कोशिश करती है तो वह पूजा का नाम लेता है। किस्सा यह भी है कि जब यह फिल्म बन रही थी तब स्मिता पाटिल और राज बब्बर असल जिंदगी में रिश्ते में थे। राज बब्बर शादीशुदा थे।

### अर्थ की कहानी

फिल्म ने उस कड़वी सच्चाई को दिखाया था कि विवाहेतर संबंध शुरुआत में लुभावने लग सकते हैं, लेकिन जैसे-जैसे यह रिश्ता आगे बढ़ता है, असुरक्षा की भावना, सामाजिक मान्यता पाने की चाहत, बिगड़ती मानसिक हालत कहीं न कहीं तनाव बढ़ाते हैं। फिर यह रिश्ता सिर्फ दर्द ही देता है। वास्तव में यह फिल्म पूजा की अपनी पहचान तलाशने की यात्रा पर है, जब उसका पति उसे दूसरी महिला के लिए छोड़ देता है। यह फिल्म उस वक्त आई थी, जब डिस्को डांसर और मर्द जैसी फिल्मों की कहानी पुरुषों के नजरिए से दिखाई जा रही थी, लेकिन अर्थ की कहानी महिलाओं के नजरिए से कही गई थी। यह भले ही मार्केट के ढांचे में फिट न बैठती हो, लेकिन दर्शकों को पसंद आई थी। यह कोई राज नहीं है कि लेखक-निर्देशक महेश भट्ट ने अपनी जिंदगी की कुछ वास्तविकताओं को काल्पनिकता के साथ जोड़कर अर्थ बनाई थी। इसमें त्यागी गई पत्नी पूजा, मनचाही औरत कविता और टूटे हुए आदमी इंदर जैसे पात्रों के जरिए इंसानों की कमियों, पुरुषों के दोहरे मापदंड और रिश्तों की अस्थिरता की पड़ताल बारीकी से की गई थी। यह फिल्म महेश और उस समय शीर्ष पर रहीं अभिनेत्री परवीन बाबी के साथ उनके विवाहेतर संबंधों पर आधारित आत्मकथात्मक फिल्म थी। इन संबंधों के चलते महेश द्वारा पहली पत्नी किरण भट्ट उर्फ लोरेन ब्राइट को छोड़ने की आत्मग्लानि इस कहानी का आधार थी।



### मैसेज देती है अर्थ

फिल्म के अंत में कविता की असुरक्षा और मानसिक रूप से अस्थिर प्रकृति अंततः इंदर को उससे दूर कर देती है। इंदर पश्चाताप के साथ पूजा के पास वापस आता है, लेकिन पूजा उसे अस्वीकार कर देती है, क्योंकि तब तक वह मजबूत और आत्मनिर्भर बन चुकी होती है और उसे एहसास होता है कि अपनी खुशी के लिए उसे किसी पुरुष की जरूरत नहीं है। रिश्तों के जटिल पहलुओं को गहराई से छूने वाली इस फिल्म में परत दर परत महिलाओं के जज्बातों को बहुत बारीकी से दर्शाया गया। रिश्तों के भंवर में जिंदगी का अर्थ खोजती यह फिल्म आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी उस वक्त थी!

## खबर संक्षेप

### परिवार मिलन कार्यक्रम का आयोजन

**नरवाना।** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में आज सौगलिया परिवार मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सौगलिया परिवार नरवाना ने आज अपने भांजे मनीष गोयल; बबलू ढ्ढजो की जीद मार्केट कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन बने हैं उनके सम्मान में यह समारोह आयोजित किया।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, मामला दर्ज

**जींद।** गांव ढाकल से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव ढाकल निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बहन घर से गायब हो गई। तलाशने करने पर सुराग नही लगा। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### उचाना कलां में 44 यूनिट रक्त एकत्रित

**उचाना।** उचाना कलां में बाबा दूधाधारी मंदिर प्रांगण में बाबा स्वामी सुंदरदास फांउडेशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर 44 यूनिट रक्तदान हुआ। शिविर में राजू शर्मा द्वारा 52वीं बार रक्तदान किया। कैंप आयोजक सुरेंद्र श्योकंद ने बताया कि रक्तदान को लेकर हर किसी में उत्साह दिखाई दिया। पहली बार आयोजित शिविर में 44 यूनिट रक्तदान हुआ।

### महिला के खाते से एक लाख दो हजार गायब

**जींद।** साइबर ठगों ने एक महिला के फोन को हैक पर उसके खाते से एक लाख दो हजार रुपये उड़ा लिए। साइबर थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर आठ निवासी अनामिका गुप्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया गत 21 नवंबर को उसके व्हाट्सअप कर लिंक आया था।

### जुलाना रैली तोड़ेगी सारे रिकार्ड: दुष्यंत चौटाला

**उचाना।** आगामी सात दिसंबर को जेजेपी के स्थापना दिवस पर होने वाली जनसभा को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने हलके के डाहोना खेड़ा, मंगलपुर, छात्तर, सुरबरा, काकड़ोद सहित विभिन्न गांव का दौरा किया। दुष्यंत चौटाला के एक दिवसीय दौरे के चलते उचाना हलका जेजेपी के रंग में रंगा नजर आया। कार्यकर्ताओं ने जोश के साथ स्वागत किया। बुजुर्गों ने आशीर्वाद दिया तो ग्रामीणों ने रैली में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने का आश्वासन दिया।

### जीवन को पवित्र करती है श्रीमद्भगवद्गीता: रविदत्त

**पूंडरी।** ब्रह्मपुराण के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को दिया था। इसलिए इस दिन को गीता जयन्ती महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस दिन मोक्षदा एकादशी का उपवास भी रखा जाता है। इसके पीछे मूल भाव यह है कि मोक्षदा एकादशी के दिन मानवता को नई दिशा देने वाली गीता का उपदेश हुआ था। भगवद गीता के पठन-पाठन , श्रवण एवं मनन-चिंतन से जीवन में श्रेष्ठता के भाव आते है।

### गांव मुन्नारेहड़ी में सुपर संडे फुटबॉल टूर्नामेंट

**पूंडरी।** गांव मुन्नारेहड़ी में आयोजित सुपर संडे फुटबॉल टूर्नामेंट में ग्रामीणों और खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। सुबह से ही मैदान में सैकड़ों की संख्या में युवा और खेल प्रेमी जमा हुए। टूर्नामेंट का आयोजन बड़े स्तर पर किया गया, जिसमें अलग-अलग इलाकों से आई टीमों ने शानदार कौशल का प्रदर्शन किया।

### कार्यकर्ताओं ने घर-घर चलो अभियान चलाया

**सीवन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर देश में 30 नवंबर से 15 दिसंबर तक घर-घर चलो अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सीवन में कार्यकर्ताओं ने नागरिकों को संघ की विचारधारा, राष्ट्रभाव एवं समाज निर्माण में उनकी भूमिका से अवगत करवाया।

### छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी प्रतिभा से मोहा सबका मन

# इंडस स्कूल में नॉस्टेल्जिया रंगारंग कार्यक्रम की रही धूम

**छठी कक्षा के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

इंडस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में छठी कक्षा के बच्चों द्वारा नॉस्टेल्जिया नामक विषय पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्यअतिथि के रूप में जिला नगरपालिका कमीश्रर सुरेंद्र दुहन ने शिरकत की। इंडस ग्रुप के निदेशक सुभाश श्योराण, कॉर्डिनेटर प्रवीन परूथी, इंडस करियर संस्थान के निदेशक संजीव तायल विषिश्ट अतिथि रहे। स्कूल निदेशिका रचना श्योराण, स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा, उपप्राचार्य प्रवीन कुमार, मुख्याध्यापिका गुरमीत कौर ने मुख्यअतिथि व विशिष्ठ अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यअतिथि सुरेन्द्र दुहन, विषिश्ट अतिथि और स्कूल के सभी स्वागतकर्ता सदस्यों ने दीप प्रज्जवलित करके किया। कार्यक्रम में छठी कक्षा के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।





जींद। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

#### गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान

इस कार्यक्रम में छठी कक्षा के बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी विषेश रूप से आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में गणेश वंदना, देवा-ओ-देवा, रंगीलो राजस्थान, रेटरो मेडले, हरियाणवी स्वैग, कॉमेडी ऑन बीट्स, दा पपेट सेंफनी, मोटिवेशन नृत्य, पराने खेल नए रंग, मिले सुर मेरा तुम्हारा, डांडिया डिलाइट, गिद्दा दी महफिल और दा रिटर्न ऑफ षोले (ए ट्रिब्यूट टू धमेंद्र) आदि प्रस्तुतियों ने दर्षकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। 'पुराने खेल नए रंग कार्यक्रम मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर मुख्यअतिथि सुरेंद्र दूहन ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली में इस प्रकार की गतिविधियों की अहम भूमिका होती है। इनसे हमें अपने संस्कारों को भी बनाऐ रखने की प्रेरणा मिलती है। इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों के अंदर मनोरंजन के साथ-साथ ज्ञान एवं आत्म विश्वास में भी वृद्धि करती हैं। उन्होंने बच्चों के चहँमुखी विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों को प्रत्येक गतिविधि में भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा को प्रदर्षित करना चाहिए।

#### अनुशासन के साथ लक्ष्य पथ में चलें

जीवन में अनुशासन का पालन करते अपने लक्ष्य पथ पर चलना चाहिए। इंडस ग्रुप के निदेशक सुभाष श्योराणने बच्चों तथा अध्यापकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जिंदगी अवसरों का खेल है, जो व्यक्ति साहस के साथ अवसरों का लाभ उठाकर आगे बढ़ता है, वही सफलता की बुलन्दियों को छूता है। आज इंडस के छात्र देष में ही नही विदेशों में भी अपनी सफलता का परचम लहरा रहे हैं। इस साहस और आत्मविश्वास को विकसित करने के लिए एकाग्रता, आत्मविश्वास एवं अनुशासन की आवश्यकता है। स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा ने आए हुए अभिभावकों का धन्यवाद किया और कहा कि इंडस पब्लिक स्कूल जींद नित नए आयामों को छूता हुआ हर प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारता है। इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि आज के इस आधुनिक युग में शिक्षा, खेल या सांस्कृतिक कार्यक्रम हो इंडस पब्लिक स्कूल जींद बुलंदियों को छूता हुआ लगातार आगे बढ़ रहा है। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# सरकार हर मोर्चे पर विफल: सैलजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढांड

सिरसा लोकसभा सांसद एवं कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री कुमारी सैलजा ढांड स्थित एस.डी. फ़र्म में आयोजित विवाह समारोह में शामिल हुईं। यह विवाह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रिंसिपल आईटीआई करनाल बलदेव सिंह के सुपुत्र हिमांशु सागवाल का था। समारोह में पहुंचने पर उनका बलदेव सिंह सागवाल सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस उनके साथ कांग्रेस नेता शमशेर सिंह गोगी, कैथल जिला अध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ढांड, सुरेश इंस्पर, पवन चौधरी कुरुक्षेत्र, ललित बुटाना व राजेंद्र बला भी मौजूद रहे।



लोकसभा सांसद एवं कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री कुमारी सैलजा में कार्यकर्ताओं के साथ।

#### प्रधानमंत्री केवल भाषण देकर चले गए

सांसद सैलजा ने नवविवाहित दंपति को शुभकामनाएं देते उनके सुखद व समृद्ध जीवन की कामना की। पत्रकारों से बातचीत में सैलजा ने केंद्र व प्रदेश की बीजेपी सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए कहा कि आज न विकास कार्य दिखाई देते हैं और न ही युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं। बेरोजगारी और अपराध लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आमजन बेहद परेशान है। उन्होंने करनाल में गेट पास घोटाले का उल्लेख करते हुए कहा कि मनरेगा मजदूरों तक को समय पर मजदूरी नहीं मिल रही, जो सरकार की नाकामी का बड़ा उदाहरण है। अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हरियाणा दौरे पर टिप्पणी करते हुए सैलजा ने कहा कि हरियाणा को कोई सौगात देने के बजाय प्रधानमंत्री केवल भाषण देकर खाली हाथ लौट गए।



सीवन। आयोजित बैठक में भाग लेते सेवानिवृत्त कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों की मासिक बैठक

**सीवन।** सेवानिवृत्त कर्मचारियों की मासिक बैठक का आयोजन सीवन में किया गया। बैठक की अध्यक्षता नन्दलाल रहेजा ने की, जबकि मंच संचालन का दायित्व बाबूराम गुप्ता ने निभाया। बैठक में बड़ी संख्या में पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य वक्ताओं के रूप में लक्ष्मण कामरा, दिलबाग पटवारी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने विचार रखे। वक्ताओं ने बताया कि अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशन फेडरेशन का वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन आगामी 22 व 23 फरवरी 2026 को कुरुक्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों की मांगों, समस्याओं और लंबित मुद्दों के समाधान के लिए ऐसे राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाते हैं। सम्मेलन में देश के 20 राज्यों के 25 संगठनों से पदाधिकारियों सहित करीब 400 प्रतिनिधि भाग लेंगे। वक्ताओं ने सभी सदस्यों से आह्वान किया कि अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं।

### युवा पीढ़ी के लिए गीता का संदेश अत्यंत जरूरी

**जींद।** श्रीमद्भगवत गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि एक वैज्ञानिक और दार्शनिक जीवन दृष्टि है। जो व्यक्ति की अंतरिक्ष चेतना तक को प्रभावित करती है। गीता जीवन में कर्तव्य, नैतिकता, धैर्य और संतुलन की प्रेरणा देती है। गीता का अध्ययन आमजन के लिए मानसिक शक्ति और सकारात्मक सोच का स्रोत है। यह कथन अशोक छाबड़ा ने गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में श्री लज्जा राम गुरूकुल विद्यापीठ में श्रीमद्भागवत संगोष्ठी के आयोजन में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत कर व्यक्त किए। इस अवसर पर जींद के एसडीएम सत्यवान मान ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। संगोष्ठी में सनातन धर्माचार्य पण देवीदयाल आचार्यए श्री गोशाला के संस्थापक स्वामी सतबीरानंद, महंत राजेश स्वरूप महाराज, डा. कांता शर्मा तथा अन्य विद्वान श्रोता व गुरूकुल के विद्यार्थी मौजूद रहे।

#### पानी बचाने की आदत को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं

**उचाना।** ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त सचिव पंकज यादव वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ने पीएमश्री रावमावि लोधर का निरीक्षण किया। केंद्रीय जल संरक्षण विभाग के अतिरिक्त निदेशक विजय भारती, जिला शिक्षा अधिकारी जींद रोहताश वर्मा, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता विकास गिरधर, पब्लिक हेल्थ नरवाना के एक्सईएन प्रशांत, मनरेगा पीओ राकेश, जनस्वास्थ्य विभाग एसडीओ सुनीता, प्राचार्य बटुकेश्वर दत्त, एसएमसी प्रधान मंदीप खटकड़, विद्यालय स्टॉफ व विद्यार्थी मौजूद रहे। संयुक्त सचिव पंकज ने कहा कि वर्षा जल संचयन, पौधा रोपण, नहरों तालाबों की सफाई, घरों में अनावश्यक रूप से बह रहे पानी की लीकेज व रोकथाम तथा जल का समझदारी से उपयोग जैसे उपाय अपना कर जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पानी की एक-एक बूंद की बचत ही भविष्य को सुरक्षित बनाती है। विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे अपने घरों, खेतों और स्कूल में पानी बचाने की आदत को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं ।



उचाना। पीएम श्री लोधर स्कूल मे पौधरोपण करते हुए। फोटो :हरिभूमि



बाजार में दुकानदारों को संकल्प पत्र देती भाजपा नेत्री डा. पुष्पा तायल।

#### भाजपाइयों ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**जुलाना।** विधानसभा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने बूथों पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुना। कार्यक्रम के बाद भाजपा जिला महामंत्री डॉ पुष्पा तायल व भाजपा नेत्री पिंकी बैरागी ने घर-घर जाकर भाजपा का संकल्प पत्र वितरित किया और लोगों को आत्मनिर्भर भारतए वोकल फॉर लोकल तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया। डा. पुष्पा तायल ने कहा कि भाजपा का एकमात्र उद्देश्य विकास है और हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। डा. पुष्पा तायल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के आह्वान पर सभी देशवासियों को चाहिए कि वो स्वदेशी सामान का प्रयोग करें तभी हमारा देश विकसित और आत्मनिर्भर बन सकेगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने देश के युवाओं की तारीफ करते कहा कि देश के युवा अभियान में बढ़ चढ़ कर भाग ले रहे हैं। अन्य लोगों को भी चाहिए कि वो स्वदेशी चीजों का प्रयोग करें। इस मौके पर सत्यवान खटकड़, संदीप, मनीष, नरेश तायल आदि मौजूद रहे।

#### प्राचीन योग पद्धति के बारे में बताया

**उचाना।** राजकीय कन्या उच्च विद्यालय उचाना खुर्द में पैरलल बार के बारे में सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर सज्जन सिंह ने विस्तार से बताया। प्राचीन योग पद्धति के बारे में बताया कि पैरलल बार भी उसका हिस्सा है। शुगर, बीपी, नजर कमजोर होना, जोड़ों के दर्द सहित अन्य बीमारियों का उपचार होता है। पैरलल उचाना खुर्द स्कूल में लगा हुआ है जिसके बारे में छात्राओं एवं अध्यापकों को जानकारी दी। ज्योति ने बताया कि उसको गठिया का दर्द था। पैरलल बार पर निरंतर अभ्यास करने से जोड़ों के दर्द में आराम हुआ है तो सूजन भी कम हुई है। 50 प्रतिशत के करीब उनको आराम हुआ है। पाचन तंत्र भी मौजूद हुआ है। इस मौके पर जयभगवान पूनिया, ओमप्रकाश जांगड़ा, राकेश गुलिया मौजूद रहे।



पैरलल बार से होने वाली बीमारियों के उपचार के बारे में बताते हुए।



अधिकारियों के साथ मीटिंग करते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

#### हर सप्ताह करेंगे स्कूलों का निरीक्षण: अत्री

**उचाना।** उपमंडल कार्यालय के कान्फ्रेंस हॉल में विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने हलके के विकास को लेकर पांच विभागों के साथ समीक्षा मीटिंग की। एसडीएम दलजीत सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी मीटिंग में मौजूद रहे। अत्री ने कहा कि विकास के कामों में उचाना निरंतर तेजी से आगे बढ़ रहा है। विकास के कार्यों के प्रपोजल तैयार कर लिए गए हैं। विधायक ने कहा कि सप्ताह में एक बार सरकारी स्कूलों का निरीक्षण करेंगे। अधिकारियों को निर्देश देते कहा कि सरकारी स्कूलों की इमारतों की सुरक्षा जांच की जाए और हर गांव में लाइब्रेरी का निर्माण किया जाए। विद्यार्थी ही हमारा भविष्य हैं। लाइब्रेरी में वह माहौल तैयार किया जा सकता है, जिसकी छात्रों को जरूरत है। हर गांव में शिक्षा, बिजली, पानी और गलियों को पक्का करने जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होना बहुत जरूरी है।

### देशभक्ति गीतों पर बांधा समा, 58 युवाओं ने किया रक्तदान

**जुलाना।** कस्बे के शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय कालेज में शहीद मेजर संजीव लाठर के शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम बड़े सम्मान और उत्साह के साथ आयोजित किया। अध्यक्षता समाजसेवी डा. समुंद्र लाठर ने की। मुख्यातिथि के रूप में सोनीपत से सांसद सतपाल ब्रह्मचारी के भाई वजीर गांगोली पहुंचे जबकि नगरपालिका चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद मेजर संजीव लाठर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद कालेज, एसजी स्कूल और ईडन गार्डन स्कूल की छात्राओं ने देशभक्ति के गीतों व प्रस्तुतियों के माध्यम से माहौल भावनात्मक और उत्साहपूर्ण बना दिया। छात्राओं के जोशीले गीतों पर उपस्थित जनसमूह देशभक्ति की भावना में सराबोर हो उठा। ईडन गार्डन स्कूल के विद्यार्थियों ने पूरे जिले के प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों, स्वतंत्रता सेनानियों और समाजसेवियों से संबंधित झांकियां निकाली। जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इन झांकियों के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों, शिक्षा, खेल, समाजसेवा और कृषि में दिए गए योगदान को विशेष रूप से याद किया गया। कार्यक्रम में रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया।

### मैढ सुनार सभा चलाएगी जागरूकता अभियान

**जींद।** मैढ सुनार सभा द्वारा अन्य सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर गांव-गांव तथा कालोनियों में नुक्कड़ बैठक कर लोगों को लिव इन में रहने तथा बढ़ते नशे के कारण परिवारों पर पड़ रहे सामाजिक दुष्प्रभाव की जानकारी दी जाएगी। रविवार को स्थानीय सैक्टर छह में स्थित महाराज अजमीढ़ भवन एवं सुनार धर्मशाला में सभा के प्रधान सत्यनारायण की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस निर्णय को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया। सभा के सरंक्षक राजकुमार सोनी, महासचिव राममेहर वर्मा ने बताया कि लिव इन रिलेशनशिप कानून के तहत बिना शादी के दो वयस्कों द्वारा पति व पत्नी की तरह रहने से समाज मे विपरित प्रभाव पड़ रहा है और युवा पीढ़ी का भविष्य अंधकार मय हो रहा है। उन्होंने बताया कि सभा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुल मेघवाल को पत्र लिख कर लिव इन मे रहने की अनुमति प्रदान करने वाले कानून पर पुनः विचार करने तथा इस कानून को रद्द करने हेतू संसद के माध्यम से संशोधन करने की मांग की है। बैठक में राज्य में बढ़ते नशे से युवाओं की बर्बाद हो रही जिंदगी को बचाने के लिए भी जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

# भूप सिंह बने एससी सेल के जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

इंडियन नेशनल लोकदल एससी सैल की मीटिंग पार्टी कार्यालय में हुई। मीटिंग की अध्यक्षता पूर्व सीपीएस रामपाल माजरा और जिला अध्यक्ष अनिल तंवर ने की। मीटिंग में भूप सिंह नैना को एससी सेल का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। इससे पहले पार्टी के जिला अध्यक्ष अनिल ने भूप सिंह के नाम का प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। इसके बाद पूर्व सीपीएस रामपाल माजरा ने भूप सिंह की विधिवत रूप से नियुक्ति की घोषणा की। नियुक्ति पर सभी ने भूप सिंह को बधाई दी। भूप ने कहा कि जो जिम्मेदारी दी गई है वे उस पर खरा उतरेंगे तथा पार्टी के प्रचार प्रसार के लिए काम करेंगे।



कैथल। इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते।

#### नीतियों का करेंगे प्रचार-प्रसार

उन्होंने कहा कि वे पार्टी में अधिक से अधिक लोगों को जोडने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर एससी सेल के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर पहलवान, प्रदेश सचिव राजाराम माजरा, हल्का पुंडरी के प्रधान इंद्र पाई, हल्का पुंडरी एससी सैल के प्रधान सुभाष फतेहपुर, हल्का कलायक एससी सेल के प्रधान फूल सिंह सरपंच, एससी सेल के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अभेराम भुक्कल, कैथल कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रधान पोप सिंह, कार्यालय सचिव राम मेहर खुराना, बिल्लू प्रजापत, क्योडक सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अनिल तंवर ने भूप सिंह नैना को बधाई देते हुए कहा कि उनकी पार्टी के प्रति समर्पण और सोच को देखते हुए उन्हें इस पद पर नियुक्त किया गया है। पार्टी को उम्मीद है कि भूप सिंह पार्टी के लिए जी जान से काम करेंगे तथा पार्टी और चौ. देवी लाल की नीतियों का प्रचार करेंगे।



जींद। स्वच्छता अभियान चलाए सेव संस्था सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी : सेव

**जींद।** सामाजिक संस्था सोसाइटी फोर एडवांसमेंट ऑफ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट सेव ने रेलवे रोड पर पटियाला चौक से आर्य समाज मंदिर तक एरिया में स्वच्छता अभियान और जागरूकता अभियान चलाया। सेव संस्था द्वारा चलाए 445वें अभियान की अध्यक्षता संस्था के प्रधान नरेंद्र नाडा ने की। संस्था सदस्यों ने स्वच्छता का महत्व समझाते लोगों को कूड़ा डस्टबिन में डालने का आह्वान किया। संस्था के सदस्यों ने लोगों को समझाया कि स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी है। इस जिम्मेदारी को सभी ने मन से निभाना चाहिए। हर आदमी ने हर प्रकार का कूड़ा डस्टबिन में ही डालना चाहिए। जब सभी लोग डस्टबिन का प्रयोग करेंगे तभी स्वच्छता रहेगी। वह डस्टबिन नगर परिषद की गाड़ी को ही देना चाहिए। हम स्वच्छता को अपनी जिम्मेदारी मानेंगे। इसी से हमारा शहर, गांव और देश स्वच्छ होगा। हमारा स्वास्थ्य भी सही रहेगा और हमारे बच्चों का भविष्य भी उज्जवल होगा। इस मौके पर महेश सैनी नंबरदार, बलबीर श्योकंद, सत्यमुनी, रोहताश गुप्ता, बलबीर सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### अग्रवाल वैश्य समाज के 17वें स्थापना दिवस समारोह में बोले-प्रदेशाध्यक्ष

# सफलता की नींव त्याग-सहयोग व संगठन पर आधारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

हम कोई अस्पताल या अन्य संस्थान नहीं चलाना चाहते बल्कि नेता बनाने की फैक्ट्री चलाना चाहते हैं इसी उद्देश्य को अपना ध्येय मानकर साल 2009 में जब हमने पंच संकल्पों के साथ यात्रा शुरू की थी, तब न संसाधन थे न कोई बड़ा संगठनात्मक ढांचा। परंतु आज जब हम 17 वर्षों की यात्रा को पीछे मुड़कर देखते हैं, तो हमें गर्व होता है कि हमारे पंच संकल्प केवल विचार नहीं रहे, वे जमीन पर उतरे हैं, फल-फूल रहे हैं और समाज की नई दिशा तय करते निरंतर आगे बढ़ रहें हैं। ये उद्गार अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने आज कैथल की ऐतिहासिक और पावन भूमि पर आयोजित अग्रवाल वैश्य समाज के 17वें स्थापना दिवस समारोह में प्रदेशभर से आए वैश्यजनों को संबोधित करते कही। महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवल के साथ शुरू समारोह को वैश्यजनों के उत्साह ने ऐतिहासिक बना दिया। बुवानीवाला ने कहा कि अग्रवाल वैश्य समाज की सफलता की नींव त्याग, सहयोग और संगठन पर आधारित है और इतने वर्षों की यह यात्रा इस सफलता का प्रमाण है। संगठन के पंच संकल्पों को याद करते हुए बुवानीवाला ने कहा कि अपने गठन के समय हमने राजनीतिक भागीदारी, संगठित समाज, युवा पौध का अंकुरण, मातृशक्ति का उत्थान और सामाजिक सहभागिता के जो पांच संकल्पों का प्रण लेकर वैश्य समाज को सत्ता की भागीदारी के साथ एक धुरी बनाने का काम किया जिसें आज हम फलीभूत होते देख रहे हैं। राजनीतिक भागीदारी पर बोलते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी समाज का विकास तभी तेज होता है जब वह राजनीतिक शक्ति का हिस्सा बनता है।



अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक को सम्मानित करते डा. वरूण जैन व अन्य।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर सुशील बंसल फतेहाबाद, संदीप नूनीवाला नारनौल, राजेन्द्र मित्तल रतिया, ललित बंसल हिसार, सत्यभूषण बिंदल उकलाना, पायल गोयल नरवाना, कैथल से मुकेश सिंगला, मोहित खुरानिया, परीक्षित गर्ग, अक्षरा गुप्ता, रजत सिंगला, अनिल कंसल कलायत, प्रदीप गोयल पुंडरी, राजीव गुप्ता चीका आदि उपस्थित रहे।



जींद। कार्यक्रम में मौजूद डिप्टी सिविल सर्जन और सोसायटी पदाधिकारी।

### हीमोफीलिया रोगी सोसायटी से जुड़ें : आशुतोष

**जींद।** हीमोफीलिया सोसाइटी जींद द्वारा हीमोफीलिया फेडरेशन इंडिया के 42वें स्थापना दिवस को एक विशेष हीमोफीलिया शिक्षा कार्यक्रम के रूप में मनाया। कार्यक्रम में हीमोफीलिया से पीड़ित 50 रोगियों ने भाग लिया। जिनके अवरोधक परीक्षण के लिए रक्त के नमूने एकत्र किए गए। यह परीक्षण रोगियों के बेहतर उपचार और सुरक्षा के लिए प्रतिवर्ष आवश्यक होता है। कार्यक्रम का शुभारंभ डिप्टी सिविल सर्जन डा. पालेराम ने किया। हीमोफीलिया फेडरेशन इंडिया के संस्थापक स्व. अशोक बहादुर वर्मा के जीवन एवं योगदान पर प्रकाश डालते कहा कि अशोक वर्मा द्वारा 1983 में शुरू की गई यह सेवा यात्रा आज देशभर में हजारों मरीजों और उनके परिवारों के लिए आशाए सहारा और सम्मानपूर्ण जीवन का मार्ग प्रशस्त कर रही है। हम इस संस्थापक दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। हीमोफीलिया सोसाइटी जींद के अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने सभी अतिथियों, डॉक्टरों और हीमोफीलिया समुदाय का स्वागत किया। सोसाइटी साल 2014 से सक्रिय रूप से कार्यरत है और साल 2017 में हीमोफीलिया फेडरेशन इंडिया से संबद्ध हुई।

## खबर संक्षेप



### विचार एवं काव्य-गोष्ठी का आयोजन

**कैथल।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद् की ज़िला इकाई कैथल द्वारा नगर की हनुमान वाटिका में विचार एवं काव्य-गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता अखिल भारतीय साहित्य परिषद् जींद के आजीवन सदस्य,साहित्य शिखा नरवाना के पूर्व सचिव, गीतकार एवं संगीतज्ञ असीम राना ने की।गोष्ठी का संचालन अखिल भारतीय साहित्य परिषद् की ज़िला इकाई कैथल के अध्यक्ष डा तेजिंद्र ने किया। गोष्ठी के आरंभ में आजकल सोशल मीडिया पर परोसी जा रही नकारात्मक सामग्री को लेकर चिंता प्रकट की गई।

### सरकार की तानाशाही के खिलाफ प्रदर्शन दो को

**जींद।** पेंशन बहाली संघर्ष समिति के प्रदेश महासचिव रिषि नैन और वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप लाठर ने बताया कि जंतर-मंतर दिल्ली में 25 नवंबर को पुरानी पेंशन बहाल करने के लिए कर्मी व अधिकारियों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद एनएमओपीएस के राष्ट्रीय मुख्य संगठन सचिव व पेंशन बहाली संघर्ष समिति हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र धारीवाल को दिल्ली पुलिस द्वारा थाने बुलाया गया तथा कई घंटों तक थाने में बैठा कर देर रात अधिक संख्या का हवाला देते हुये केस दर्ज कर दिया गया। धरना व प्रदर्शन में नियमों की अनदेखी की गई।

## जयंती देवी मंदिर की पावन धरा पर दूसरे दिन संस्कृति, आध्यात्म तथा कला के संगम के साथ गीतामय हुआ जींद

# गीता महोत्सव नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली ज्ञान परंपरा से जोड़ता है : अमरपाल राणा

शिक्षण संस्थाओं से पहुंचे विद्यार्थियों तथा कलाकारों ने सांस्कृतिक रंगों से ओतप्रोत प्रस्तुतियों से माहौल को बनाया कृष्णामय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा कोर्पेटिव बैंक के चेयरमैन अमरपाल राणा ने कहा कि भगवत गीता मानव जीवन के लिए वह महान ग्रंथ है, जो हर परिस्थिति में सही दिशा दिखाता है। जयंती माता की पावन धरा पर गीता जयंती महोत्सव जैसे आयोजन समाज को संस्कृति, आध्यात्म और नैतिक मूल्यों से जोडने का माध्यम बनते हैं। ऐसे कार्यक्रम नवपीढ़ी को अपनी जड़ों और अपने गौरवशाली ज्ञान परंपरा से परिचित कराते हैं। हरियाणा कोर्पेटिव बैंक के चेयरमैन अमरपाल राणा रविवार को गीता जयंती महोत्सव के दूसरे दिन प्रातःकालीन सत्र के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और हवन में आहूति डाल विश्व कल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि जयंती माता जींद की पावन धरा पर रविवार को संस्कृति, आध्यात्म और कला का अद्भुत संगम देखने को मिला, आधुनिक दौर की तेज रफ्तार जिंदगी में गीता के मार्गदर्शन की प्रासंगिकता को केंद्र में रखते हुए आयोजित यह महोत्सव न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत रहा बल्कि जींद की सांस्कृतिक समृद्धि का भी भव्य प्रदर्शन बनकर उभरा है। प्रदर्शनी से लेकर मंचीय प्रस्तुतियों तक हर आयाम में आध्यात्म, परंपरा और नवाचार का सुंदर मेल दिखाई दिया। अमरपाल राणा ने कहा कि गीता का संदेश हमें सिखाता है कि कर्म ही हमारा वास्तविक धर्म है और सफलता का आधार मन की स्थिरताए निष्ठा और कर्तव्य पालन है। गीता के योगः कर्मसु कौशल और समत्वं योग उच्यते जैसे उपदेश आज के युग में अधिक महत्वपूर्ण हैं। क्योंकि यह हमें चुनौतियों के बीच संतुलित रहने, सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने और राष्ट्रहित में पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। यदि समाज गीता के मूल्यों को जीवन में उतार ले तो परिवार, संस्था, प्रशासन और राष्ट्र, सभी में उत्कृष्टता स्वतः स्थापित हो जाती है। चेयरमैन अमरपाल राणा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक संदेश देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य को स्पष्ट रूप से चिन्हित कर निरंतर आगे बढना चाहिए।


**जींद।** गीता जयंती महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देती छात्राएं तथा संबोधित करते हुए अमरपाल राणा।

### विविध सांस्कृतिक रंगों से सजा मंच

जिला स्तरीय गीता महोत्सव के सांस्कृतिक मंच पर विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्या भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल हैबतपुर द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई। इसके माता चन्नन देवी आर्य कन्या गुरूकुल पिल्लूखेड़ा, गोपाल विद्या मंदिर सहित अन्य स्कूलों के छात्रों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी।

### प्रदर्शनी में क्राफ्ट स्टॉल पर उमड़ी रही भीड़

प्रदर्शनी में स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए क्राफ्ट स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। जूट से बने सजावटी उत्पाद, हाथ से बुने फैब्रिक और घरेलू उपयोग की हस्तनिर्मित वस्तुओं ने आगंतुकों का ध्यान अपनी ओर खींचा। ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भरता की मिसाल प्रस्तुत करते हुए अपने कौशल से बने उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय कर रही हैं। आगंतुकों ने इन क्राफ्ट स्टॉल की खूब सराहना की और स्थानीय हस्तशिल्प को बढ़ावा देने वाली इस पहल को महोत्सव की बड़ी उपलब्धि बताया।

### निशुल्क जांच की है विशेष सुविधा

नागरिक अस्पताल द्वारा लगाए गए स्टॉल पर गीता महोत्सव में आ रहे दर्शकों को गीता के ज्ञान के साथ-साथ मुफ्त स्वास्थ्य जांच की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। इसमें बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन की निशुल्क जांच की है। इसके साथ-साथ चिकित्सक के परामर्श अनुसार दवाइयां भी दी जा रही है।

### जिला स्तरीय गीता महोत्सव के तहत निकाली भव्य सद्भावना यात्रा

**कैथल।** जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के तहत रविवार को नगर में भव्य सद्भावना यात्रा निकाली गई। श्रीमद्भगवद् गीता के अमर संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निकाली गई इस यात्रा में जिलावासियों ने पूरे उत्साह और भक्ति भावना से भाग लिया। यात्रा का मुख्य आकर्षण पालकी पर सजी श्रीमद्भगवद् गीता रही, जिसे नगर वासियों ने श्रद्धापूर्वक नमन किया। जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल तथा हैफेड के पूर्व चेयरमैन कैलाश भगत ने स्थानीय सूरजकुंड माता गेट से मंत्रोच्चारण के बीच जिला प्रशासन एवं विभिन्न संस्थाओं द्वारा निकाली गई इस भव्य सद्भावना यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा केवल अध्यात्म का नहीं, बल्कि जन कल्याण का भी माध्यम बनी। शोभा यात्रा में जहां धार्मिक संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत की गई भव्य झांकियां आध्यात्मिक दृष्टिकोण से बेहद मनमोहक थीं, वहीं विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की जन योजनाओं से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। इनमें स्वास्थ्य, बिजली, जन स्वास्थ्य तथा पुलिस सहित अन्य विभागों की झांकियां शामिल रही। शोभा यात्रा को झंडी दिखाने के अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से एमडी शुगर मिल कृष्ण कुमार, रेडक्रॉस सचिव रामजी लाल, डीआईपीआरओ नसीब सैनी ने दोनों अतिथियों को स्मृति चिन्ह व शॉल देकर सम्मानित किया।



### जीवन प्रबंधन, कर्तव्य पथ और मानव मूल्यों का विश्वकोष है गीता : अशोक गुर्जर

**कैथल।** भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ने कहा कि विश्व के महान ग्रंथ श्रीमद्भागवत गीता को मानवता का मार्गदर्शक माना गया है। गीता धार्मिक ग्रंथ के साथ-साथ जीवन प्रबंधन, कर्तव्य पथ और मानव मूल्यों का ऐसा विश्वकोष है, जो हर युग में हमारे सामने नई रोशनी लाता है। आज के युग में जहां तकनीक तीव्र गति से बदल रही है, और जीवन में तनाव, असमंजस और प्रतिस्पर्धा पहले से अधिक होती जा रही है। अशोक गुर्जर रविवार को जिला स्तरीय गीता महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को सायंकालीन सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उनके साथ भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मुनीष कठवाड़ ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। सांस्कृतिक मंच से गीता पूजन करते हुए दीप प्रज्ज्वलन से महोत्सव के पहले दिन सांस्कृतिक मंच का शुभारम्भ किया गया। जिला वासियों ने भाई उदय सिंह किला में पहुंचकर गीता महोत्सव का आनंद लिया। पूर्व जिलाध्यक्ष मुनीष कठवाड़ ने कहा कि श्रीमद् भगवद् गीता एक धार्मिक ग्रंथ ही नहीं, बल्कि जीवन का मागदर्शक है। जब भी समय मिले हमें गीता का अध्ययन अवश्य करना चाहिए।



# मन की बात प्रेरणादायी, इससे समाज और संगठन दोनों को मिलती नई दिशाः अशोक

- अशोक गुर्जर ने कार्यकर्ताओं संग किया स्वदेशी व आत्मनिर्भरता पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पाडला मंडल के बूथ संख्या 54 पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ने कार्यकर्ताओं के साथ उपस्थित होकर प्रधानमंत्री के संदेशों को सुना और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया। कार्यकर्ताओं के बीच हर घर स्वदेशी, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा, तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने जैसे मुद्दों पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने कहा कि देश को सशक्त, स्वावलंबी और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए स्वदेशी अपनाना आज समय की सबसे बड़ी जरूरत है।


**कैथल।** भाजपा नेता अशोक गुर्जर का पुष्प गुच्छ देकर सम्मान करते हुए कार्यकर्ता।

अशोक गुर्जर ने भी 'मन की बात' को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि इससे समाज और संगठन दोनों को नई दिशा मिलती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सतबीर शर्मा ने की। विशेष रूप से भाजपा नेता मुनीष कठवाड़, चेयरमैन सतीश सिरटा, विरेंद्र बत्तरा, शिव कुमार पाराशर, पंडित लज्जा राम, आशीष कुमार आदि मौजूद थे।

# प्राचीन कपिल मुनि तीर्थ धाम में सजा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मंच

- कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर पुजारी संजय गौतम और अनिरुद्ध गौतम ने की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

गीता महोत्सव के तहत 48 कोस क्षेत्र के विभिन्न तीर्थ स्थलों पर आयोजित किए जा रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में सोमवार को कलायत के ऐतिहासिक श्री कपिल मुनि तीर्थ धाम में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान गीता जयंती महोत्सव में कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग चण्डीगढ़ और हरियाणा कला परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय कलाकारों, सरकारी एवं निजी स्कूलों के विद्यार्थियों ने गीता जयंती महोत्सव में कला के रंग भरे। प्रस्तुति ने ऐसा समां बांधा की दर्शक घंटों ज्यों की त्यों जमे रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर पुजारी संजय गौतम व अनिरुद्ध गौतम ने की। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री कपिल मुनि तीर्थ समिति के प्रधान राजू कौशिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंच पर कलाकारों द्वारा शीशपाल चौहान व अजय शर्मा एंड पार्टी के साथ-साथ स्कूली विद्यार्थियों ने गीता की महिमा पर आधारित नृत्य-नाटिका, भक्ति गीत, लोकनृत्य और पारंपरिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कलाकारों नसंस्कृति-संस्कारों की झलक प्रस्तुत की।

# रैली को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह

- कलायत में जजपा कार्यकर्ताओं की हलका स्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

जननायक जनता पार्टी (जजपा) की हलका स्तरीय बैठक रविवार को कलायत स्थित लोक निर्माण विश्राम गृह में हुई। जिला प्रभारी रोशन ढांडा व जिला अध्यक्ष अवतार सिंह की अगुवाई में आयोजित बैठक में हलका भर से कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इसकी अध्यक्षता सेवा सिंह बालू ने की। बैठक में 7 दिसंबर को जुलाना में होने वाली जजपा स्थापना दिवस रैली की विस्तृत तैयारियों पर भी चर्चा की गई। अवतार सिंह और रोशन ढांडा ने बताया कि रैली को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है।


**कलायत।** बैठक करने पहुंचे जजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

कैथल जिले से हजारों लोग सैकड़ों वाहनों के काफिले के साथ जुलाना पहुंचेंगे। रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी हलकों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता संगठित होकर तैयारियों में जुट गए हैं। स्थापना दिवस रैली जनसमर्थन और संगठनात्मक मजबूती का प्रतीक होगी। कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी और एकजुटता के साथ रैली को सफल बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष धूप सिंह माजरा, सेवा सिंह बालू, राजेश सजुमा, सतबीर मलिक संपूर्ण कोयल, जोगेंद्र सिंह, सुभाष सरपंच, जिला कार्यालय सचिव सोनू शर्मा कोटडा, सतबीर सिंह, दरबारा सिंह, चंद्रपाल ढूंढवा व विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


**कैथल।** खिलाडियों के साथ सांसद कार्यालय प्रभारी रविंद्र धीमान।

# प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों ने की तैयारी

- विधानसभा स्तर पर 1 से 6 दिसंबर तक होंगी विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सांसद खेल महोत्सव के दूसरे चरण के तहत विधानसभा स्तर पर आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिताएं 1 दिसंबर से 6 दिसंबर तक कैथल जिले में आयोजित की जाएंगी। अनेक खेल स्थलों का दौरा कर जानकारी देते हुए सांसद कार्यालय प्रभारी रविंद्र धीमान ने बताया कि दूसरे चरण की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और खिलाड़ियों में इन प्रतियोगिताओं को लेकर भारी उत्साह है। उन्होंने बताया कि विभिन्न खेलों को लेकर अलग-अलग स्थलों का निर्धारण किया गया है। आरकेएसडी कॉलेज कैथल में शूटिंग व बॉक्सिंग की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जाट कालेज कैथल में रस्साकशी, स्किपिंग एवं रोप जंपिंग व खो-खो, जबकि महाराजा सूरजमल स्टेडियम में एथलेटिक्स, जूडो, कुश्ती, कबड्डी व वालीवाल की प्रतियोगिताएं होंगी। क्रिकेट के मैच ग्योंग के खेल मैदान में, हॉकी की प्रतियोगिताएं हॉकी अकादमी हाबड़ी में और तीरंदाजी के मुकाबले डीएवी कॉलेज चीका में आयोजित किए जाएंगे।

रविंद्र धीमान ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में दूसरे चरण की खेल गतिविधियों का आयोजन खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा अवसर बनकर आया है। इस चरण में लगभग चार हजार प्रतिभागी हिस्सा लेंगे।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुडा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

# गीता महोत्सव कार्यक्रम धर्म, संस्कृति और आध्यात्मिकता का संगम : कैप्टन योगेश

- सायंकालीन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर विभिन्न प्रदर्शनियों का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गीता महोत्सव के पावन अवसर पर सायंकालीन संध्या सत्र के दौरान भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कैप्टन योगेश बैरागी ने मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत करते हुए कहा कि भगवद्गीता जन्म से लेकर मृत्यु तक मानव जीवन के प्रत्येक कर्म, कर्तव्य और नैतिक दिशाओं को बताने वाला दिव्य ग्रंथ है। इस ग्रंथ में सांसारिक मोहमाया से ऊपर उठकर सत्य, धर्म और कर्तव्य पालन की प्रेरणा समाहित है। उन्होंने गीता में अंकित वैश्विक संदेश के महत्व को साझा करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति और समाज इसी विचारधारा पर आगे बढती रहनी चाहिए। कैप्टन योगेश बैरागी ने कहा कि गीता में सत्य का सार, पराजय और विजय दोनों स्थितियों का आध्यात्मिक निष्कर्ष तथा जीवन संघर्ष का विस्तृत मार्गदर्शन छिपा हुआ है। इसी ज्ञान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने हेतु गीता जयंती महोत्सव की शुरुआत हरियाणा में जिला स्तर पर तत्कालीन मुख्यमंत्री तथा वर्तमान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल द्वारा की गई थी। जिसे वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सैनी निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि जिस पवित्र धरा पर भगवान श्रीकृष्ण ने गीता का उपदेश दियाए हम उसी भूभाग से जुड़े हैं। यह हमारे लिए सौभाग्य और गौरव का विषय है। इस परंपरा को सहेजते हुए सरकार द्वारा गीता महोत्सव के साथ-साथ राज्य स्तरीय हरियाणा उत्सव भी जींद की धरती पर उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है।

### गलत विचारों और भ्रमों को तोड़ना होगा

उन्होंने मातृ शक्ति से विशेष आह्वान किया कि हमारी धर्म-संस्कृति को बचाने में विद्यार्थियों तथा खासकर युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। हमें समाज में फैल रहे गलत विचारों और भ्रमों को तोडना होगा और सच्चे भारतीय संस्कारों को घर-घर तक पहुंचाना होगा। उन्होंने कहा कि हम उन आध्यात्मिक विचारों से जुड़े हजारों आमजन, साधु संतों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। जो गीता के संदेश को संरक्षित करने और समाज में प्रसारित करने का निरंतर कार्य कर रहे हैं।

# कुमारी सैलजा ने टेका धमतान साहिब गुरुद्वारा में माथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने रविवार को गुरुद्वारा धमतान साहिब में आयोजित समागम में शिरकत की और गुरु ग्रंथ साहिब स्वरूप माथा टेक कर नमन किया।

हरियाणा सिख कमेटी द्वारा गुरु तेग बहादुर जी के 350 वें बलिदानी शताब्दी वर्ष को समर्पित तीन दिवसीय भव्य समागम का आयोजन गुरुद्वारा धमतान साहिब में किया जा रहा है। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के द्वारा सांसद कुमारी सैलजा को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया। शैलजा ने कहा कि समागम में भाई मतीदास, भाई सतीदास और भाई दयाला जी की बलिदानी को आज पूरी दुनिया श्रद्धा से याद करती है। इसके साथ ही यह कार्यक्रम गुरु गोविंद सिंह साहिब जी के गुराई दिवस को भी समर्पित है। जो सिख इतिहास और परंपराओं में एक गौरवपूर्ण अध्याय है।


गुरूद्वारा साहिब पहुंची सांसद सैलजा।

**मनमोहा** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय हरियाणा उत्सव संपन्न

# भांग रगड़ के पिया करूं मैं कुंडी सोटे आला सूं

- लोकधारा, परंपरा और सांस्कृतिक उत्साह से सराबोर हुआ विवि परिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय हरियाणा उत्सव 2025 का अंतिम दिन हरियाणवी संस्कृति, लोककला, परंपरा और युवा ऊर्जा का अद्वितीय और भव्य संगम बन गया। सुबह से ही विश्वविद्यालय परिसर ढोल, नगाड़ों की थाप, लोकगीतों की मधुर तान, रंग बिरंगे पारंपरिक परिधानों और विद्यार्थियों के उत्साहपूर्ण उल्लास से गूंज उठा।

हरियाणा के बांगर, बागड़, मेवात, ब्रज, खादर और अहीरवाल जैसे विविध अंचलों की सांस्कृतिक विरासत इस महोत्सव में जीवंत रूप में प्रकट हुई। लोकनृत्य, लोकगीत, नाट्य प्रस्तुति, किस्सागोई, लोक कथाएं, पारंपरिक खेल, शिल्पकला और ग्रामीण जीवन के विविध रंगों ने विश्वविद्यालय को ऐसी सांस्कृतिक छटा से भर दिया। जिसने पूरे आयोजन को हरियाणवी जीवनधारा के महापर्व में परिवर्तित कर दिया। उत्सव के अंतिम दिन हरियाणवी लोक संगीत के प्रतिष्ठित कलाकार गजेंद्र फोगाट, राज मावर, सोमवीर कथूरवाल, अन्नु हरियाणवी और पद्मश्री महावीर गुड्डू की उपस्थिति ने वातावरण को और भी सजीव बना दिया। जैसे ही गजेंद्र फोगाट और राज मावर मंच पर पहुंचे। दर्शक दीर्घा में ऊर्जा की लहर फैल गई। राज मावर के लोकप्रिय गीत भांग रगड़ के पिया करूं मैं कुंडी सोटे आला सूं पर उपस्थित जनसमूह देर तक थिरकता रहा। कलाकारों की प्रखर गायकी, लयबद्ध ताल और दर्शकों की भागीदारी ने पूरे पंडाल को उत्साह, आनंद और सांस्कृतिक गौरव की अनूठी अनुभूति से भर दिया। मुख्य अतिथि प्रो. कैलाश चन्द्र शर्मा पूर्व कुलपति एवं अध्यक्ष हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद ने हरियाणा उत्सव को प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और पुनस्थापना का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए कहा कि हरियाणवी संस्कृति में भाईचारा, लोकहित और सौहाद्र की परंपरा अनादिकाल से रही है और आज के आयोजन ने नई पीढ़ी को यह संदेश फिर से स्मरण कराया है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. सतरूप ढांडा सदस्य हरियाणा शिक्षा परिषद, डा. अजीत सिंह संयुक्त निदेशक, प्रो. संजीव शर्मा पूर्व कुलसचिव कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, समाजसेवी जगबीर दूहन सहित अनेक गण्मान्य लोग उपस्थित रहे।


**जींद।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए मुख्यअतिथि व प्रस्तुति देते हुए टीमें। फोटो : हरिभूमि